

# भाजपा के जौरा-मुंगावली मंडलों की कार्यकारिणी घोषित

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा/कैलारस, 2 मार्च।** भाजपा के जौरा-कैलारस एवं सुमावली विधानसभा के मुंगावली मंडल अध्यक्षों ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। कैलारस मंडल की कार्यकारिणी में कुंज सोनी को पुनः मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह भदौरिया ने सौंपी है।







**जौरा : हरेन्द्र सिकरौदा उपाध्यक्ष, आशीष गर्ग कोषाध्यक्ष बने :** जौरा की कार्यकारिणी में हरेन्द्र सिकरवार सिकरोदा, अनिल गुप्ता, सत्येन्द्र सिकरवार, अंकुश उपाध्याय, वकील सिंह गुर्जर, लालसिंह कुशवाह को उपाध्यक्ष बनाया गया है। आशीष उर्फ सोनू गर्ग को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। श्रीमती रेखा बल्लू रजक को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है। मधु अजीत वर्मा, सुनील कुशवाह, रजनी भारत सविता, आरती भोलाराम बाथम, श्रीमती वीरेन्द्री त्यागी को मंत्री और रामबरन सिंह, पंजाब सिंह जाटव को महामंत्री नियुक्त किया गया है। विनोद रावत को कार्यालय मंत्री, नीलम राजकिशोर गौड़ को सहायक कार्यालय मंत्री, महेश प्रजापति को मीडिया प्रभारी, रामकुमार त्यागी को सह मीडिया प्रभारी, सागर जैन को प्रभारी आईटी सेल, उमंग सिंघल सह आईटी सेल प्रभारी, पलाश बंसल सोशल मीडिया प्रभारी, सुमित रावत को सह सोशल मीडिया बनाए गए है।

**मुंगावली : जितेन्द्र व आकाश महामंत्री बनाए गए :** सुमावली विस के मुंगावली मंडल अध्यक्ष मनोज मिश्रा ने कार्यकारिणी घोषित कर दी है। जिसमें जितेन्द्र पाठक, आकाश लिखरवार को महामंत्री नियुक्त किया है। आशा सुनील शुक्ला, सुशीला अजमेर सिंह तोमर, रामनिवास शर्मा कैथोदा, रामभरोषी यादव, अमन जादौन, दीपक व्यास को उपाध्यक्ष, श्रीमती मीनू आनंद मरैया, सूरज पाराशर, बंटी हांसई, श्रीमती गीता सिंह, महेश कुशवाह, राहुल प्रजापति को मंत्री, गौरव पचौरी को कोषाध्यक्ष, श्रीमती चंद्रा राकेश रजक को सह कोषाध्यक्ष, अमन पासवान कार्यालय मंत्री, सूरज बघेल मीडिया प्रभारी, मोनू खटीक सह प्रभारी, पवन स्वामी सोशल मीडिया प्रभारी, अमित शर्मा सह प्रभारी, रवि केदार जाटव आईटी सेल प्रभारी, नीरज उपाध्याय सह प्रभारी नियुक्त किए गए है।

### कैलारस मंडल में कुंज सोनी पुन: मीडिया प्रभारी बनाए गए




भाजपा के कैलारस मंडल की कार्यकारिणी मंडल अध्यक्ष कुलदीप भदौरिया ने घोषित कर दी है। कार्यकारिणी में मीडिया प्रभारी का दायित्व एक बार फिर से कुंज सोनी को सौंपा गया है।

# घर की छत पर बेहोश मिले व्यक्ति की इलाज के दौरान हुई मौत



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/अंबाह, 2 मार्च।** कस्बा अंबाह में कन्या शाला रोड स्थित एक मकान की छत पर सोमवार की सुबह करीब 7 बजे बेहोश अवस्था में मिले एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कस्बा अंबाह में कन्या शाला रोड स्थित एक मकान की छत पर सोमवार की सुबह गोपाल मोदी 48 पुत्र जगदीश मोदी निवासी ग्वालियर बेहोशी की अवस्था में पड़े हुए मिले। उन्हें अंबाह अस्पताल ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के दौरान उन्हें ग्वालियर रैफर कर दिया गया। गोपाल मोदी के बहनोई अमित मिश्रा नि. अंबाह उन्हें ग्वालियर लेकर जा रहे थे, लेकिन ग्वालियर पहुंचनें से पहले रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। बहरहाल गोपाल मोदी की मौत कैसे और किन कारणों के चलते हुई, यह जांच का विषय बना हुआ है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

# हाईस्कूल में 1086, हासे परीक्षा में 36 अनुपस्थित, 3 नकलची पकड़े



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 2 मार्च।** माध्यमिक शिक्षा मंडलए मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षाएँ जिले मे संचालित हो रही हैं। जिला शिक्षा अधिकारी बीएस इंदौलिया ने बताया कि हायर सेकेंडरी परीक्षा में कुल 759 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 723 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 36 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए।

इसी प्रकार हाईस्कूल परीक्षा में पंजीकृत 29 हजार 323 परीक्षार्थियों में से 28 हजार 235 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 1 हजार 88 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। साथ ही हाईस्कूल परीक्षा के दौरान अशासकीय श्रीराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खजूरी रोड अंबाह में 2 नकल प्रकरण दर्ज किए गए। जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षाओं के सुचारु संचालन हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं।

### जिपं सीईओ ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

जिला पंचायत सीईओ कमलेश कुमार भार्गव ने जिले के चार परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय माध्यमिक विद्यालय सुमावली, सरस्वती शिशु मंदिर जौरा तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जौरा का अवलोकन किया गया।

# मिठाई की दुकानों से जब्त किए 18 घरेलू गैस सिलेंडर




**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 2 मार्च।** तहसीलदार जौरा बालकृष्ण मिश्रा के नेतृत्व में फूड सेफ्टी विभाग एवं राजस्व अधिकारियों की टीम ने सोमवार को नगर में मिठाई की दुकानों एवं दूध डेयरियों पर छापामार कार्यवाही की। इस दौरान दुकानों पर व्यवसायिक उपयोग करते हुए पाए गए 18 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। फूड सेफ्टी टीम ने मिठाई की एक दुकान से मावा का सैंपल भी लिया।

**तहसीलदार के नेतृत्व में प्रशासन, फूड सेफ्टी विभाग की जौरा नगर में कार्रवाई**

तहसीलदार बालकृष्ण मिश्रा, नायब तहसीलदार केके शर्मा, एफएसओ महेंद्र सिरोहिया, अनिल प्रताप सिंह परिहार, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी लोकेंद्र सिंह चौहान, बृजराज सिंह गुर्जर, पटवारी अंकित गुप्ता, मानवेंद्र सिकरवार की टीम ने2 मार्च को मिठाई की दुकान एवं दूध डेयरियों पर छापे मारे। इस दौरान मिठाई की दुकानों पर व्यवसायिक उपयोग किए जाते हुए 18 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। जिनमें मोरमुकुट मिष्ठान भंडार-2, जोधपुर मिष्ठान भंडार-5, अग्रवाल हलवाई की दुकान-1, गिर्राज मिष्ठान भंडार-3, सांवरिया मिष्ठान्न भंडार-3, जय भोलेनाथ मिष्ठान भंडार-2, खाटू श्याम मिष्ठान भंडार-1 और ग्राम बरी का पुरा बदन सिंह कुशवाह की दूध डेयरी से एक घरेलू गैस सिलेंडर शामिल है।

**मिठाई की दुकान, डेयरी से लिए घी, क्रीम और मावा के सैंपल :** फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने ग्राम बरी का पुरा में बदन सिंह कुशवाह की डेयरी से क्रीम व घी के नमूने लिए। इसी क्रम में कस्बा जौरा स्थित मोरमुकुट मिष्ठान्न भंडार से मावा का नमूना लिया गया है।

### हाईवे स्थित ढाबों पर छापामार कार्रवाई, 9 घरेलू सिलेंडर जब्त

प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक उमेश चन्द्र शर्मा एवं तहसीलदार बानमौर सुश्री कल्पना कुशवाह के संयुक्त दल ने एबी रोड बानमौर स्थित यादव ढाबा से 2, डीके होटल एवं रेस्टॉरेंट से 4, शान-ए-पंजाब ढाबा से 2 तथा शान-ए-ग्वालियर पंजाबी ढाबा से 1 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए।

# 4 किग्रा गांजा लेकर जा रहा बाइक सवार तस्कर गिरफ्तार

## नगरा थाना पुलिस की कार्रवाई, डेढ़ लाख कीमती माल जब्त



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 2 मार्च।** नगरा थाने की पुलिस ने बाइक पर गांजे की खेप लेकर जा रहे एक तस्कर को दबोच लिया। जबकि उसके दो साथी भाग निकले। पुलिस ने तस्कर के कब्जे से बाइक समेत 4 किग्रा मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार नगरा थाना प्रभारी एसआई सुखदेव सिंह चौहान को गांजा तस्करी की सूचना मिली थी। श्री चौहान ने फोर्स के साथ ग्राम चापक की पुलिया पर चैक पॉइंट लगाया। इसी दौरान पुलिस ने बाइक क्रं. एमपी07-एजी-5269 को रोकने की कोशिश की, तभी बाइक पर सवार दो युवक कूदकर भाग निकले। पुलिस फोर्स ने बाइक चला रहे युवक को दबोच लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने युवक के पास से 4 किग्रा मादक पदार्थ गांजा बरामद किया। पुलिस ने गांजा सहित बाइक को जब्त कर पकड़े गए तस्कर कृष्णा उर्फयतेन्द्र पुत्र राजू वर्मा नि. राधा विहार कॉलोनी चार शहर का नाका ग्वालियर सहित भागने में कामयाब रहे भानू पुत्र विष्णु तोमर, जग्गा उर्फ जगराम तोमर पुत्र मदन सिंह नि. ग्राम चापक के विरुद्ध 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अपराध दर्ज कर लिया है। कार्रवाई में एसआई सुखदेव सिंह चौहान, प्र.आर. मधुराज सिंह भदौरिया, धीरज सिंह, प्रीतम मावई, आरक्षक गोविंद भदौरिया, वीर सिंह, कलियान प्रसाद, रामानंद यादव, प्रदीप सिंह, राजकुमार, दीपक पचौरी शामिल थे।

# विवाह संस्कार में सादगी हो, प्रतिस्पर्धा व प्रदर्शन नहीं : गर्ग



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 2 मार्च।** सामाजिक कुरीतियों को लेकर अग्रवाल महासभा की बैठक का आयोजन सोमवार को हुआ। यह बैठक स्थानीय टीआर पुरम स्थित अग्रवाल सेवा सदन में हुई। इस बैठक में महासभा के मुख्य संरक्षक रमेश गर्ग, पूर्व अध्यक्ष मोहनलाल गर्ग, राकेश गर्ग, अध्यक्ष मोहन बंसल, अग्रवाल संघ के अध्यक्ष मुन्नालाल अग्रवाल, महामंत्री शिवकुमार गर्ग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

बैठक में उपस्थित महासभा के पदाधिकारियों, सदस्यों सहित समाजबंधुओं को संबोधित करते हुए मुख्य संरक्षक रमेश गर्ग सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि अग्रवाल समाज सदैव दूरदर्शिता, सामाजिक अनुशासन, सादगी, सेवा और संगठन शक्ति के लिए पहचाना जाता रहा है। उन्होंने कहा कि बीते कुछ सालों में विवाह को संस्कार के रूप में न करते हुए प्रदर्शन और प्रतिस्पर्धा का चलन बढ़ गया है। प्री-वेडिंग प्रोग्राम्स, सजावट की होड़, व्यंजनों की अधिकता और एक-दूजे को दिखावे की प्रतिस्पर्धा में इजाफा हुआ है। इससे विवाह संस्कार की सादगी और गरिमा प्रभावित हुई है। इस प्रतिस्पर्धा और दिखाने की वजह से कई परिवार सामाजिक दबाव में आकर सामर्थ्य से अधिक खर्च करने पर मजबूर होते है, जिससे उन्हें अतिरिक्त आर्थिक बोझ सहन करना पड़ता है।

**सामाजिक कुरीतियों के संबंध में अग्रवाल महासभा की बैठक आयोजित**

### बैठक में इन मुद्दों पर हुई चर्चा, बनी सहमति

- वैवाहिक संस्कार के कार्यक्रम रात के बजाय दिन में आयोजित हों
- प्री-वेडिंग प्रोग्राम्स के आयोजनों को बंद करने की कोशिश की जाए
- विवाह समारोहों में व्यंजनों की संख्या सीमित रखी जाए।
- विवाह संस्कार कार्यक्रम में फिजूलखर्ची और प्रदर्शन की प्रवृत्ति पर नियंत्रण हो।

## एक नजर में

### हादसे में जख्मी हुए 14 वर्षीय छात्र की इलाज के दौरान मौत

**मुरैना/कैलारस, 2 मार्च।** कैलारस क्षेत्र के नैपरी गांव में रविवार की शाम को साईकिल के बेकाबू होने के बाद फिसलने पर गले में लोहे की रॉड घुसने से जख्मी हुए 6वीं कक्षा के छात्र की इलाज के दौरान ग्वालियर में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नैपरी निवासी मातादीन कुशवाह का पुत्र पुष्पेन्द्र कुशवाह (14) कक्षा-6 का छात्र था। रविवार को गांव में आयोजित हुए एक समारोह में दावत में शामिल होने के लिए पुष्पेन्द्र साईकिल लेकर गया था। दावत से लौटते समय सड़क पर आई ढलान पर उसकी साईकिल बेकाबू होकर फिसल गई, इसी दौरान साईकिल के ब्रेक में लगी लोहे की रॉड पुष्पेन्द्र के गले में धंस गई। उसे गंभीर हालत में कैलारस से जिला अस्पताल रैफर किया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान देर रात को पुष्पेन्द्र की मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।



### 315 बोर की हैंडमेड बंदूक के साथ बदमाश गिरफ्तार

**मुरैना।** पहाड़गढ़ थाना पुलिस ने वारदात के इरादे से खड़े एक युवक को 315 बोर की हैंडमेड बंदूक और जिंदा राउण्ड के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पहाड़गढ़ थाना प्रभारी को मुखबिर ने सूचना दी कि एक हथियारबंद बदमाश कट्टौली विक्रमपुरा क्षेत्र में वारदात के इरादे से घूम रहा है। पुलिस ने बताए गए स्थान पर दविश देकर एक युवक को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम सौरभ कुशवाह पुत्र प्रकाश कुशवाह नि. कट्टौली बताया। पुलिस ने उसके पास से 315 बोर की हैंडमेट एक रायफल और दो जिंदा राउण्ड जब्त किए। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धाराओं में अपराध दर्ज किया गया है। कार्रवाई में पहाड़गढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र सिंह परिहार और उनकी टीम शामिल थी।

### प्रेमप्रकाश आश्रम में होली मिलन समारोह कल

**मुरैना।** शहर के सिंधी कॉलोनी क्षेत्र स्थित प्रेमप्रकाश आश्रम में अमरापुर नवयुवक मंडल एवं प्रेमप्रकाश महिला मंडल के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन कल 4 मार्च को किया जाएगा। समारोह में आश्रम के संतजनों के साथ फूलों के साथ रंग-गुलाल से होली खेली जाएगी। मिलन समारोह का आयोजन सुबह 8 बजे से 10 बजे तक होगा। आश्रम के मीडिया प्रभारी राजेश शर्मा बिट्टे ने महंत प्रताप राय के सान्निध्य में होने वाले इस समारोह में समाजबंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।

# सौहार्द्रपूर्ण माहौल में हर्षोल्लास से मनाएं त्यौहार : कलेक्टर



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 2 मार्च।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे होली सहित सभी आगामी त्योहारों को पारंपरिक गरिमा उत्साह एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि रंगोत्सव होली के अवसर पर रासायनिक रंगों से परहेज करते हुए पर्यावरण अनुकूल एवं सुरक्षित होली मनाई जाए तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

**कलेक्टर की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित**

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने उक्त विचार व्यक्त किए। बैठक में पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ, जिला पंचायत सीईओ कमलेश कुमार भार्गव, एएसपी सुरेन्द्र सिंह डाबर, अपर कलेक्टर अश्विनी कुमार रावत, सीएसपी श्रीमती दीपाली चंदौरिया, एसडीएम मुरैना सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं शांति समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि 3 एवं 4 मार्च को होली, 21 मार्च को ईद-उल-फितर, 27 मार्च को रामनवमी तथा 31 मार्च को महावीर जयंती के पर्व मनाए जाएंगे।

# प्रभु के रंग में सराबोर होने का त्यौहार है होली : कृष्णा दीदी

**मुरैना, 2 मार्च।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवाकेंद्र पोरसा में होली का महापर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सेवाकेंद्र प्रभारी कृष्णा दीदी ने सभी को होली की बधाई देते हुए कहा कि आत्मा में मूल स्वरूप में सुख, शांति, प्रेम, ज्ञान, पवित्रता, आनंद और शक्ति यह सात विशेषताएं हैं। परमात्मा के प्रेम का रंग ऐसा रंग है जो आत्मा में एक बार लग जाए तो वह छूटता नहीं है। होली अर्थात् मैं आत्मा परमात्मा की हो ली। इस होली इस बारी ऐसा रंग डालें कि ही खुशियां बिखर जाएं। न कि खुशियां ही चली जाएं। जीवन में दूसरों को गुणए शक्तियां, खुशी देने का सुख सबसे बड़ा सुख है। होली कोई स्थूल रंगों का त्यौहार नहीं है, बल्कि प्रभु के रंग में रंग जाने का त्यौहार है। इस कार्यक्रम में श्रीमती रजनी गुप्ता, ब्रह्माकुमारी निकेता दीदी, प्रियंका दीदी, ब्रह्माकुमार नीतेश भाई उपस्थित रहे। सुंदर राधा कृष्ण की झांकी लगाई गई और सभी ने राधा-कृष्ण संग रास किया और होली मनाई।

**पोरसा में ब्रह्माकुमारी सेवा केन्द्र में मनाया गया होली का पर्व**

# विधायक एवं पार्षदों ने किया नपा के पार्क का लोकार्पण



**नवभारत न्यूज**
**सबलगढ़, 2 मार्च।** नगरपालिका द्वारा रामपुर घाटी के ऊपर वार्ड नंबर 6 में एक पार्क बनाया गया है इस नव निर्मित पार्क का आज लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक सरला बृजेंद्र रावत एवं पार्षदों द्वारा किया गया।

विदित है कि नगरपालिका में 6 माह से अध्यक्ष ओर पार्षदों के बीच में अच्छे संबंध नहीं है पंद्रह पार्षद अध्यक्ष सोनेराम धाकड़ के खिलाफ चल रहे हैं और नगरपालिका अध्यक्ष सोनेराम धाकड़ को हटाने की माँग कर रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष बसंत बंसल पार्षदगण सोनपाल जादौन उर्फ सोनू फौजी रचना अशरफ खान कैलाश भगत जी श्रीपति प्रजापति सुरेश कुशवाह रामजी लाल कुशवाह रामदीन खटीक राजेश गौड़ आदि उपस्थित रहे।

### इनका कहना है ...

आज नगरपालिका के पार्क का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक ओर पार्षदों द्वारा किया गया है उसको अभी तक नगरपालिका ने हैंडओवर नहीं किया है कार्यक्रम में मुझको नहीं बुलाया गया एवं सी एम ओ एवं अन्य कर्मचारी भी उपस्थित नहीं रहे फिर कैसे लोकार्पण हो गया जबकि नगर पालिका ने कोई सूचना नहीं जारी नहीं की है

**– सोनेराम धाकड़ नपा अध्यक्ष**

मैं आज सरकारी कार्य से मुरैना आया हूं मुझे पार्क के बारे में पता नहीं है मुझे अभी फोन आया था

**– सौरभ कुमार, सीएमओ**



# जौरा में विद्युत चोरी करते पकड़े उपभोक्ता

**मुरैना, 2 मार्च।** विद्युत वितरण कंपनी जौरा के डीई बिजिलेंस रघुवीर सिंह के नेतृत्व में बिजली कंपनी की टीम ने सोमवार को नगर में विभिन्न स्थानों पर विद्युत चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान आधा दर्जन से अधिक उपभोक्ता विद्युत चोरी करते हुए पकड़े गए। इनके विरुद्ध मप्र विद्युत अधिनियम की धाराओं में विद्युत चोरी के प्रकरण पंजीबद्ध किए गए है। कस्बा जौरा में बिजली कंपनी की टीम ने सोमवार को नगर में एमएस रोड, तिकोनिया पार्क, जेल रोड आदि स्थानों पर अभियान चलाकर विद्युत चैकिंग की। टीम में नरेश यादव, राजीव निर्मल आदि शामिलँ थे।

# बलात्कार के आरोपी को 10 वर्ष सश्रम कारावास

**नवभारत न्यूज**
**सबलगढ़, 2 मार्च।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉस्को सबलगढ़ के न्यायालय द्वारा आरोपी चंद्रभान उर्फ चंदू जाटव को धारा 363 भादंसं में 03 वर्ष सश्रम कारावास एवं 1000 रुपये अर्थदण्ड एवं धारा 366 भादंसं में 05 वर्श सश्रम कारावास एवं 5000 रुपये अर्थदण्डए पॉक्सो एक्ट में 10 वर्श का सश्रम कारावास एवं 10000. रुपये का अर्थदण्ड कुल 16000६. रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया एवं पीडिता को प्रतिकर स्वरूप 1,00,000 रूपये दिलाया गया।

**16 हजार अर्थदण्ड एवं 1 लाख रुपए प्रतिकर**

अभियोजन कहानी यह है कि पीड़िता की माता के द्वारा पुलिस थाना सबलगढ़ पर f रिपोर्ट की गई कि उसकी लड़की जिसकी आयु 17 वर्ष 11 माह 01 दिन है, बिना बताए कहीं चली गई हैए कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी लड़की को बहला.फुसलाकर भगाकर ले गया। उसको विकाश जादौन निवासी गुलालई पर शक है। उक्त आधार पर पुलिस थाना पर अज्ञात के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध की गई और प्रकरण में अनुसंधान प्रारंभ किया गया। अनुसंधान के दौरान पीड़िता को चन्द्रभान उर्फचन्दू जाटव ;आरोपी पुत्र रामदयाल जाटव, निवासी ग्राम खरई लुकवासा, तहसील कोलारस, जिला शिवपुरी के निवास स्थान से दस्तयाब किया गया और आरोपी को गिरफ्तार किया गया। अनुसंधान के अनुक्रम में पीड़िता एवं आरोपी का सिविल अस्पताल में चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। पीड़िता के घटना दिनांक को अवयस्क होने व उसके कथन में आए तथ्यों के आधार पर प्रकरण में धारा 376 व धारा 3४4 पॉक्सो अधिनियम 2012 की वृद्धि की गई। पीड़िता की आयु के संबंध में विद्यालय से स्कॉलर रजिस्टर की प्रति, प्रवेश फार्म व प्रमाणीकरण जप्त किये विद्यालय से स्कॉलर रजिस्टर की प्रतिए प्रवेश फार्म व प्रमाणीकरण जप्त किये गये। प्रकरण में पीड़िता एवं अभियुक्त के चिकित्सीय परीक्षण के दौरान प्राप्त व जप्त सामग्री को डीएनए परीक्षण हेतु पुलिस अधीक्षक, मुरैना के ड्राफ्ट ;प्रदर्श के माध्यम से डीएनए परीक्षण कराए जाने हेतु राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशालाए सागर भेजा गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत न्यायालय में उक्त धाराओं में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने विचारण उपरांत अभियोजन द्वारा प्रस्तुत समस्त मौखिकए दस्तावेजी, वैज्ञानिक अन्य साक्ष्य को एवं प्रस्तुत दलीलों को संदेह से परे प्रमाणित मानते हुए आरोपी को दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी विशेश लोक अभियोजक राजेन्द्र कुमार वर्मा, सबलगढ़ द्वारा की गई।